यूथरेडक्रास सोसायटी वार्षिक प्रतिवेदन

2017—18

यूथरेडक्रास सोसायटी की नियमित गतिविधियों के अंतर्गत वर्ष 2017—18 में निम्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

1. दिनांक 21 जून 2017 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्राची सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।
2. 3 अगस्त 2017 को यूथरेडक्रास सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वधान में पौधारोपण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण को स्वच्छ एवं हराभरा रखने हेतु लगभग 60 पौधे लगाये गये सुरक्षा पर जोर दिया।
3. दिनांक 8 सितम्बर 2017 को यूथरेडक्रास सोसायटी द्वारा वर्षा जल संग्रहण पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के यूथरेडक्रास प्रभारी प्रो. एस.के. अग्रवाल एवं श्रीमती शुभा वर्मा ने वर्षा जल संग्रहण की उपयोगिता पर जोर दिया।
4. दिनांक 6 अक्टूबर 2017 को सिकलसेल पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें सिकलसेल की जानकारी के साथ उसके बचाव पर जोर दिया गया। विवाह पूर्व सिकलिन जांच करके इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है।
5. दिनांक 5 नवम्बर 2017 को सोसायटी के नवीनीकरण का शुल्क एवं राज्यशाखा को 20 प्रतिशत अंशदान की राशि तथा जिला शाखा को 10 प्रतिशत अंशदान की राशि का प्रेषण किया गया।
6. दिनांक 27/11/2017 को रक्तदान पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। ताकि छात्र/छात्राओं को रक्तदान हेतु प्रेरित किया जा सके। अधिकाधिक संख्या में रक्तदान करने का आह्वान किया गया।
7. दिनांक 30/11/2017 को एक्ता ब्लड बैंक के सहयोग से महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया जिसमें 05 शिक्षक एवं 40 छात्र/छात्राओं एवं नागरिकगणों ने थैलेसीमिया एवं सिकलसेल पीड़ितो की सहायतार्थ रक्तदान किया।
8. दिनांक 30/11/2017 को ही महाविद्यालय में ही हीमोग्लोबिन, ब्लडप्रेशर की भी जांच की गयी जिसका लगभग 71 लोगों जिसमें शिक्षक व छात्र शामिल है ने लाभ उठाया।
9. दिनांक 1 दिसम्बर 2017 को विश्व एड्स दिवस पर एड्स के प्रति जागरूकता हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें एड्स के कारण बताते हुए इससे बचाव ही बीमारी का ईलाज है की जानकारी दी गयी। बैनर द्वारा प्रचार प्रसार किया गया।
10. नेत्रदान प्रचार प्रसार पम्पलेट वितरण कर किया गया दिनांक 21 दिसम्बर 2017 को नेत्रदान का महत्व बताते हुए नेत्रदान करने पर जोर दिया गया।
11. दिनांक 4 जनवरी 2018 को नवागांव हथनी ग्राम में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर में यूथरेडक्रास द्वारा फलो का वितरण शिविरार्थी छात्रों एवं ग्रामवासियों को किया गया। तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की जानकारी दी गयी।
12. दिनांक 2 फरवरी 2018 को महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अवसर पर रक्तदान करने वाले शिक्षकों, छात्रों, नागरिकों एवं यूथरेडक्रास की गतिविधियों में सक्रिय योगदान करने वाले स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया।

प्राचार्य
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय
बिल्हा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

संजय कुमार अग्रवाल
प्रभारी
यूथरेडक्रास सोसायटी
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा
जिला — बिलासपुर (छ.ग.)